सद्गुरु के वचन को भुलाया न कर ।

लाख बाधायें हों चाहे गम की घटा,
सद्गुरु के वचन को भुलाया न कर ।
हाथ में ज्ञान दीपक दिये सद्गुरु,
जिंदगी के दिए को बुझाया न कर ॥
लाख....
हिय में भक्ति के जो तेरे भाव हैं,
सद्गुरु के कृपा का प्रभाव है ।
छोड़कर तोड़कर सारे बंधन न डर,
जब हृदय में तेरे प्रेग गंगा भरी,
जग की बातों से दिल को जलाया न कर ॥
लाख....
सद्गुरु का वचन तेरे साथ है,
चलना वचनों पे तेरे हाथ है ।
तू तो चल छोड़ छल सद्गुरु की डगर,
राह सत की तू चल दूर मंजिल नही,
कष्ट विपदा से तू घबराया न कर ।।
लाख....
कहना गम को न दुनिया से भूलकर,
दुनियावालों से आँसू को दूर कर ।
कर भजन हो मगन जग की आशा न कर,
जितना रोना तुझे रो ले भगवान से,
कान्त दुनिया को आँसू दिखाया न कर ।
लाख....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33861/title/sadguru-ke-vachan-ko-bhulaya-na-kar-

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |